# FORM NO. III

## फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा,राजस्थान

लादूलाल पिता कन्हैयालाल बनाम रतनलाल पिता सुरजमल मीणा

किस्म मुकदमा/धारा:– प्रार्थना-पत्र | 111-128

प्रकरण संख्या 98 /2026 जी.सी..एम.एस. नम्बर:–

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 27/04/2026 | प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 5/05/2026 को वास्ते इन्तजार तामील/तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 5/5/2026 | पत्रावली पेश हुई। विपक्षी 1 की अदम एवं विपक्षी 2 व 3 की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे संलग्न पत्रावली किया गया। समस्त विपक्षीगणो को 3-बार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली मे एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावे। पत्रावली मे नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

दिनांक :– 5/5/2026

प्रकरण संख्या – 98/2026

प्रेषिति :–

तहसीलदार बिजौलियां

विषय :– प्रकरण संख्या 98/2026 पत्थरगढी बाबत् ।

लादूलाल पिता कन्हैयालाल जाति खटीक उम्र वयस्क निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा राज0 ........प्रार्थी

**बनाम**

1. रतनलाल पिता सुरजलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी खडीपुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0
2. राजेश पिता सुगनलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी खडीपुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0
3. कंवरलाल पिता जग्गनाथ जाति अहीर उम्र वयस्क निवासी देरोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0

......विपक्षी

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनुवान प्रकरण में आदेश होकर लेख है कि मौजा देरोली पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 68 पर अंकित आराजी नम्बर 286/146 कुल किता 1 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भुमि की बशामलाती पडौसीयान की पत्थरगढी की जावें मौके पर पत्थरगढी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढी कब्जा नही हटाया जावें। तथा सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। भु–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को कमिश्नर नियुक्त किया गया व फीस नियमानुसार पत्थरगढी बेवक्त प्रार्थी से अदा करेगा। पत्थरगढी करने के पुर्व में विपक्षीगणो एवं पडौसीयान को नोटिस देकर सुचित करते हुये पत्थरगढी करे।

पत्थरगढी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या –98/2026 दायर दिनांक 27/4/2026

लादूलाल पिता कन्हैयालाल जाति खटीक उम्र वयस्क निवासी माण्डलगढ़ तहसील माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा राज0

.........प्रार्थी

बनाम

1. रतनलाल पिता सुरजलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी खडीपुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0
2. राजेश पिता सुगनलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी खडीपुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0
3. कंवरलाल पिता जग्गनाथ जाति अहीर उम्र वयस्क निवासी देरोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0

......विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तार्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट

– : आदेश : – दिनांक 5/05/2026

प्रार्थना पत्र मै/ हम अंजुला ,घीसी पुत्री शंकरलाल, कैलाश पुत्र शंकरलाल, सीता पत्नि शंकरलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाखुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा राज0 जरिये अभिभाषक श्री **जगदीश चन्द धाकड़ एवं शिवलाल धाकड़** एडवोकेट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खख्या मौजा देरोली पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 68 पर अकित आराजी नम्बर 286/146 कुल किता 1 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भुमि स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर लडाई झगडा करते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें। साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथ पत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073 से 2076 स्थायी के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथ पत्र संलग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरित प्रभाव नही पडता है। भु–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेडा को कमिश्नर नियुक्त किया गया व फीस नियमानुसार पत्थरगढी बेवक्त प्रार्थी अदा करेगा ।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट मौजा देरोली पटवार हल्का उमाजी का खेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 68 पर अकित आराजी नम्बर 286/146 कुल किता 1 रकबा 0.3237 हैक्टेयर भुमि बिशामलाती पडोसीयान के पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/–रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।

आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया